Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding alleged irregularities in awarding tender of Iron Ore mines to companies in Mayurbhanj, Odisha

इंजीनियर बिश्वेश्वर **टुडू** (**मयूरभंज**): माननीय सभापति महोदय, मेरे मयूरभंज में तीन आइरन ओर माइन्स हैं । इनमें शुरू से तो टाटा कम्पनी लीज लेकर काम कर रही थी । इसके बाद तीन विभिन्न कंपनियां लीज पर काम कर रही हैं । अभी पता चला है कि उन कंपनियों में से दो कंपनियों ने फर्जी डॉक्यूमेंट्स देकर लीज लिया और वे उस पर काम कर रही हैं । इस विषय को हम माननीय केन्द्रीय मंत्री जी की नजर में लाए थे, लेकिन अभी तक उसका कुछ भी सॉल्यूशन नहीं हुआ है । उस माइन्स के सामने लगातार एजीटेशन हो रहा है । अभी भी हजारों लोग वहां पर स्ट्राइक पर बैठे हुए हैं ।

वे कंपनियां पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, कुछ पॉलिटिकल लीडर्स, कुछ अन-सोशल फेलोज़ के सपोर्ट में इल्लीगली वहां से ड्रेजिंग कर रही हैं और ट्रांसपोर्टेशन कर रही हैं । इसलिए मेरी मांग है कि इसकी छानबीन की जाए और लेबर्स लोगों की जो भी प्रॉब्लम्स हैं, जैसे कम्पेनसेशन है, उनका ठीक से ई.पी.एफ. जमा न किए जाने की जो प्रॉब्लम है, उसे भी देखा जाए । बाकी जो कुछ भी है, उसकी छानबीन की जाए और इस प्रॉब्लम को सॉल्व किया जाए ।